आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक :** 07.05.2025 **समय :** 07.10PM

मुख्य समाचार

- भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचों पर किया हमला, कई आंतकी शिविर किये ढेर।
- पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिजनों ने ऑपरेशन सिंदूर का किया स्वागत।
- प्रदेश के पांच शहरों सहित देश के 244 शहरों में सुरक्षा अभ्यास जारी, शाम साढ़े सात बजे से किया जायेगा ब्लेकआउट।

**ऑपरेशन सिंदूर**

भारतीय सेना द्वारा कल रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम हमले पर जवाबी कार्रवाई करते हुए ने 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। 25 मिनट की कार्रवाई ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इनमें पाकिस्तान के सियालकोट में सरजाल कैंप, महमूना जोया और मरकज तैयबा मुरीदके तथा बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह शामिल थे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सवाई नाला और मुजफ्फराबाद में सैयद ना बिलाल, कोटली गुलपुर, बिम्बर और कोटली अब्बास में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। यह ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने हमले की जानकारी दी।

हमले जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने वाली भारत की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि भारत पर और भी हमले हो सकते हैं।

पत्रकार वार्ता में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी वीरता और साहस का परिचय देकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम किया और योजनाबद्ध रणनीति के अनुसार निर्धारित लक्ष्य नष्ट कर दिया। श्री सिंह ने नई दिल्ली में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में सीमा सड़क संगठन की 50  बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों ने यह सुनिश्चित करके संवेदनशीलता दिखाई है कि ऑपरेशन के दौरान कोई भी आम  नागरिक प्रभावित नहीं हुआ है।

कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आम फोर्सेस को उनका पूरा समर्थन है–

**परिजन रिएक्शन**

**22 अप्रैल को कश्मीर के** पहलगाम हमले में अपने परिजनों को खोने वालों ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए कहा कि यह मृतकों के प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी । हमले अपनी जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्वेदी की पत्नी एशान्या द्वेदी ने कहा कि इस ऑपरेशन के नाम से ही स्पष्ट है कि सेना ने हमारा बदला लिया है।

आतंकी **हमले में मारे गए पुणे के संतोष जगदाले की बेटी असावरी जगदाले ने कहा**, **कि ऑपरेशन का नाम सुनकर वह भावुक हो गई।**
**इसी आतंकी हमले में मारे गए** नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल **की परिजन माया  बताया कि उनका परिवार प्रधानमंत्री मोदी के साथ है।**

**प्रतिक्रिया**

ऑपरेशन सिंदूर पर देश और प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने खुशी जाहिर की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस ऑपरेशन से देश गौरान्वित है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना शक्ति संपन्न है, जो देश के दुश्मनों से निपटने में सक्षम है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था वह करके दिखाया पाकिस्तान में पल रहे एक-एक आतंकी को चुन चुन कर मारने का काम किया गया है।

पाकिस्तान पर हुई इस कार्रवाई का आम लोगों ने स्वागत किया है।

**मॉकड्रिल**

देश के 244 जिलों सहित प्रदेश के पांच  शहरों में भी आज सुरक्षा अभ्यास मॉक ड्रिल किया गया। प्रदेश के भोपाल इंदौर जबलपुर ग्वालियर और कटनी में यह शाम 4 बजे से यह अभ्यास किया गया। इसके बाद ब्लैक आउट और अलर्ट प्रक्रिया में शाम 7:30 से 7:42 बजे के बीच ब्लैकआउट किया जायेगा। इसके प्रारंभ होने से पूर्व रेड अलर्ट सायरन दो मिनट तक बजेगा। इस दौरान नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं संस्थानों की सभी रोशनी बंद करें। सड़क पर चल रहे वाहन चालक भी वाहन रोककर हेडलाइट और बैकलाइट बंद रखें। निर्धारित समय पर 7:42 बजे ग्रीन अलर्ट सायरन बजेगा इसके बाद सभी रोशनियाँ पुनः चालू की जा सकेंगी।
इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह की  नागरिकों से अपील। स्वैच्छिक रूप से अपने घरों की लाइट ब्लैक आउट के दौरान बंद करने को कहा ।

राजनीतिक **-प्रतिक्रिया**

सभी राजनीतिक दलों ने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में देश के निर्दोष भाइयों की निर्मम हत्या का भारत का जवाब है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और इसके लोगों पर किसी भी हमले का समुचित जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने कहा कि भारत आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्प है। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि विश्व को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि देश आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में सक्षम और कृत संकल्प है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बदले की कार्रवाई की

सराहना की है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के साथ खड़ा है। तेलुगुदेसम पार्टी प्रमुख और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और बीजू जनता दल प्रमुख नवीन पट्नायक ने इस कार्रवाई के लिए सेना को सलाम किया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि भारतीय सेना के साहस से हर नागरिक आश्वस्त है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने भी कहा है कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी** तथा कुछ अन्य दलों ने भी कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें भारतीय सेना पर अभिमान है।

**शाह - मुख्यमंत्री बैठक**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों ने भाग लिया।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचों पर किया हमला, कई आंतकी शिविर किये ढेर।
- पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिजनों ने ऑपरेशन सिंदूर का किया स्वागत।
- प्रदेश के पांच शहरों सहित देश के 244 शहरों में सुरक्षा अभ्यास जारी, शाम साढ़े सात बजे से किया जायेगा ब्लेकआउट।

....................